## एक नजर में

### एनटीसी अवार्ड सेरेमनी का आयोजन 22 दिसंबर को

**खंडवा।** निमाड़ ताइक्वांडो क्लब, खंडवा के तत्वाधान में 22 दिसंबर को एनटीसी वार्षिक अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के ताइक्वांडो में अंतरराष्ट्रीय कोच इंडिया टीम, और अंतरराष्ट्रीय रेफरी नरेश कुमार भावसार, विक्रम अवॉर्ड प्राप्त एकलव्य अवॉर्ड प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय प्लेयर अतुल जाट, और शुभम जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर ऑफ सीएच ग्रुप, डॉक्टर गुर्जर डॉ अत्रिवाल, सचिन बूंटोला, कपिल चौधरी शाहबाज खान सर डॉक्टर जरार मृदुल उपाध्याय अतिथि के रूम में पधार रहे हैं। क्लब के सचिव भगवान दास सुगत ने बताया कि निमाड़ ताइक्वांडो क्लब खंडवा एक मार्शल आर्ट संस्था है, जो विगत 25 वर्षों से प्रतियोगिताएं आयोजित कर रही है, और विगत 5 वर्षों से यहां आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में वर्ष भर जो भी खिलाड़ी डिविजनल, राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय ताइक्वांडो और जंप रोप प्रतियोगिता में क्लब की ओर से भाग लिया है और पदक हासिल किए हैं, ऐसे खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर ताइक्वांडो बेल्ट प्रमोशन और अलग-अलग समूह द्वारा ताइक्वांडो प्रदर्शन किया जाएगा।

### जीपीएफ के गुमशुदा कटौत्रों के निराकरण के लिए 16 को खण्डवा में शिविर

**खण्डवा।** महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर द्वारा शासकीय सेवकों के जीपीएफ गुमशुदा कटौत्रे, निष्क्रिय जीपीएफ खाते, पार्ट वांट व फुल वांट एवं अप्रविष्ट मदों के निराकरण के लिये इंदौर एवं उज्जैन संभाग के जिलों में शिविर आयोजित किये जाएंगे। इसी क्रम में आगामी 16 दिसम्बर को खण्डवा के जिला कोषालय में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में प्रत्येक आहरण एव संवितरण अधिकारी के प्रतिनिधि को भी आवश्यक रुप से उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है। शिविर में शासकीय सेवकों के गुमशुदा कटौत्रे, निष्क्रिय खातों, पार्ट वांट व फुल वांट एवं अप्रविष्ट मदों से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जायेगा। शिविर से संबंधित किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी के लिये जिला कोषालय अधिकारी खण्डवा से संपर्क किया जा सकता है। सभी आहरण संवितरण अधिकारियों से अपील की गई है कि जीपीएफ के प्रकरणों का परीक्षण कर समस्त संबंधित दस्तावेज जैसे सामान्य भविष्य निधि कटौत्रा पत्रक, वेतन देयक, चालान की प्रति, कैशबुक, बिल रजिस्टर आदि की प्रमाणित प्रति सहित शिविर में उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण करवायें। शिविर में जीपीएफ के अंतिम भुगतान प्रकरणों में बरती जाने वाली सावधानियों के सम्बंध में मार्गदर्शन भी दिया जायेगा।

### साक्षी शर्मा ने बीएचएमएस की डिग्री हासिल कर प्राप्त की डॉक्टर की उपाधि



**खंडवा।** मन लगाकर अच्छी पढ़ाई के लिए किया गया परिश्रम कभी खाली नहीं जाता, निश्चित सफलता प्राप्त होती है, दादाजी की असीम कृपा से दादाजी धाम के पुजारी रामजीलाल शर्मा की पोती खंडवा की बेटी साक्षी शर्मा पिता शिवप्रसाद शर्मा, माता श्रीमती उर्मिला शर्मा, ने अपने लक्ष्य को साथ रख पढ़ाई करते हुए बीएचएमएस, बैचलर ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी की डिग्री उत्तीर्ण कर डॉक्टर साक्षी शर्मा बनने का गौरव प्राप्त किया है। यह उपलब्धि शर्मा परिवार और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय हें। समाजसेवी सुनील जैन ने डॉक्टर साक्षी शर्मा को शुभकामना देते हुए बताया कि कठिन परिश्रम, समर्पण एवं दृढ़ संकल्प से सफलता प्राप्त कर डॉ. साक्षी शर्मा ने अपने माता-पिता, दादाजी-दादीजी और समाज का नाम रोशन किया है। साक्षी शर्मा ने नर्सरी से लेकर 11वीं तक की शिक्षा सेंट पायस स्कूल एवं 12वीं की शिक्षा एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल एमपी बोर्ड से प्राप्त की। पूरी शिक्षा में फर्स्ट क्लास ग्रेड साक्षी ने हासिल की। इंदौर ब्रेन मास्टर कोचिंग क्लास में नीट की कोचिंग करने के बाद गुजराती समाज होम्योपैथिक कॉलेज में, गर्ल्स हॉस्टल इंदौर में रहकर अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त की। बीएचएमएस की डिग्री प्राप्त करने पर शर्मा परिवार के साथ ही सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे, समाजसेवी सुनील जैन ने डॉ. साक्षी शर्मा को उज्वल भविष्य एवं सफल चिकित्सकीय जीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ एवं मंगल आशीर्वाद प्रदान किया।

### ग्रामीणों ने बनाया 'बोरी बंधान'




**खण्डवा।** खण्डवा जिले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशन में ''मिशन अमृत संचय'' अभियान के तहत जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत नदी नालों में बहते पानी को रोककर आसपास के क्षेत्र का जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से गांव-गांव में बोरीबंधान संरचनाएं बनाई जा रही हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गुरूवार को पंधाना विकासखंड के ग्राम गांधवा में गिट्टी खदान के समीप नाले पर ग्रामीणों ने श्रमदान कर बोरी बंधान संरचना निर्मित की। यह कार्यक्रम नवांकुर संस्था अक्षर ज्योति शिक्षा एवं जन सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से आयोजित किया गया। विकास खण्ड समन्वयक श्री अजय गुजरे ने इस अवसर पर ग्रामीणों को जनसहयोग से जल स्त्रोतों के रखरखाव और जल संरक्षण के उपायों के बारे में समझाया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणजनों के साथ साथ सीएम सीएलडीपी पाठ्यक्रम के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू कक्षाओं के विद्यार्थीगण मौजूद थे। इसके अलावा छैगांवमाखन विकासखंड की ग्राम पंचायत भुईफल में काल्जाखेड़ी रोड वाले नाले पर 110 बोरियों से ग्रामीणों ने श्रमदान कर बोरी बंधान बनाया। यह कार्यक्रम नवांकुर संस्था स्वास्थ्य रक्षक जनकल्याण फाउंडेशन, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तथा ग्राम पंचायत के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक राजकुमार मालाकार ने ग्राम पंचायत में जल के महत्व व उपयोगिता, जल संरक्षण के रखरखाव व स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रमुख जितेंद्र चंद्रावत, सरपंच गजराज सिंह मंडलोई, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष संजय गुर्जर सहित अन्य ग्रामीणजन भी उपस्थित थे।

### मैस्कॉट, लोगो एवं स्लोगन डिजाइन प्रतियोगिता में जीतें 10,000 रु. तक के पुरस्कार

**खण्डवा।** जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन खंडवा द्वारा ''जल संरक्षण'' विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। ये प्रतियोगिताएं ''लोगो'' डिजाइन, ''मैस्कॉट'' डिजाइन और ''स्लोगन लेखन'' से संबंधित होगी। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि लोगो, मैस्कॉट एवं स्लोगन डिजाईन प्रतियोगिता में से प्रत्येक के लिए प्रथम पुरुस्कार की राशि 10 हजार रुपये, द्वितीय पुरुस्कार की राशि 6 हजार रुपये और तृतीय पुरुस्कार की राशि 4 हजार रुपये रहेगी। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में ऑनलाइन शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी खण्डवा जिले की एन.आई.सी. की वेबसाईट पर ''प्रतियोगिता में ऑनलाईन भाग लें'' पर क्लिक करके शामिल हो सकते हैं। अभ्यर्थी प्रतियोगिता में भौतिक रूप से आवेदन करने के लिए जिला पंचायत खण्डवा में डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रत्युष शर्मा के पास हार्डकॉपी जमा करा सकते हैं। इसके अलावा ई मेल से भी भेज सकते हैं। अभ्यर्थी ई मेल पर अपना नाम, पता और सम्पर्क हेतु मोबाईल नंबर का विवरण अवश्य दें। नियम और शर्तों के लिए वेबसाइट पर ''आमंत्रण पत्र'' देखें। उन्होंने बताया कि ये तीनों प्रतियोगिताएं ''जल संरक्षण'' विषय पर ही केंद्रित रहेंगी। प्रतिभागी एक या एक से अधिक श्रेणियों में प्रविष्टियाँ भेज सकते हैं। प्रविष्टियाँ मौलिक, रचनात्मक एवं कॉपीराइट मुक्त होनी चाहिए। प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के लिए प्राप्त सभी प्रविष्टियों के लिए जिला प्रशासन खण्डवा की निर्णायक समिति का निर्णय अंतिम होगा।

# देशभर से दिल्ली जाएंगे किशोर दा के फैन

नवभारत न्यूज

**खंडवा। देश के महान गायक हरफनमौला कलाकार किशोर दा का जन्म खंडवा में हुआ। खंडवा और इंदौर में पढ़ाई करने के बाद किशोर दा मुंबई अपने कलाकार भाई अशोक दादा मुनि के पास चले गए जहां उन्होंने गायकी के साथ फिल्मी लाइन से जुड़ी सभी विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया** और सफल हुए।

समाजसेवी प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि गायकी के क्षेत्र में किशोर दा ने सभी प्रकार के हजारों गीत गाकर संगीत प्रेमियों का दिल जीता, आज बच्चे, युवा और बुजुर्ग तक उनके गीत गुनगुनाते रहते हैं, किशोर दा जैसे कलाकार का कोई विकल्प नहीं है। किशोर प्रेमी सुनील जैन ने बताया कि पूरे देश के किशोर प्रेमी संगीत प्रेमियों के साथ ही फिल्म लाइन से जुड़े कई कलाकार किशोर दा को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग करने के साथ ही किशोर दा का पुस्तेनी मकान जो आज की स्थिति में जर्जर अवस्था में है पूरी तरह से किशोर दा का मकान क्षतिग्रस्त हो चुका है, उसे प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार से मांग करते हुए किशोर( हेरिटेज) स्मारक बनाने की पुरजोर मांग कर रहे हैं।









किशोर प्रेमी सुनील जैन ने बताया कि इस मांग को लेकर भारत रत्न किशोर कुमार ग्रुप कोलकाता, किशोर कुमार वेलफेयर सोसाइटी रांची, किशोर कुमार फेन्स क्लब ऑल इंडिया किशोर कुमार म्यूजिकल ग्रुप परतवाड़ा अमरावती, किशोर कुमार मेमोरियल क्लब दिल्ली, किशोर सांस्कृतीक प्रेरणा मंच खंडवा एवं अन्य किशोर दा से जुड़ी अन्य संस्थाएं लगातार किशोर दा को भारत रत्न प्राप्त हो और उनके पुश्तेनी मकान को स्मारक बनाने को लेकर सरकार से मांग कर रही है।

कोलकाता के किशोर प्रेमी कार्तिक मित्रा ने बताया कि प्रतिवर्ष यह मांग सरकार से अलग-अलग माध्यम से की जा रही है, इस वर्ष भी 7 दिसंबर को इन संस्थाओं के किशोर प्रेमी लगभग 20 पदाधिकारी दिल्ली पहुंचकर देश के राष्टपति प्रधानमंत्री एवं अन्य मंत्रियों को दिल्ली में पैदल यात्रा करते हुए पीएम हाउस राष्टपति भवन पहुंच कर मांग पत्र प्रस्तुत करेंगे।

## दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के द्वितीय चरण के लिए प्रशिक्षण दिया






नवभारत न्यूज

**खण्डवा। ''दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान'' के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को एस एन कॉलेज खंडवा में आयोजित किया गया।** पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक डॉ. हेमन्त शाह ने बताया कि ''दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान'' का द्वितीय चरण दिसम्बर माह में प्रारंभ होना प्रस्तावित है, जिसमें जिले के 711 ग्रामों के 5 से 9 गौवंश तथा भैंसवंश रखने वाले कुल 16056 पशुपालकों के घर जाकर प्रशिक्षित विभागीय अमले द्वारा गृह भेंट की जाएगी।

इस अभियान के सम्बंध में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड तथा जिला स्तर से मास्टर ट्रेनर्स को राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान भोपाल द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है। अभियान के द्वितीय चरण के लिए मैदानी अमले का प्रशिक्षण जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित किया जाना है। ''दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान'' के सम्बंध में शुक्रवार को जिला स्तर पर मल्टी मॉडल एवं गतिविधि आधारित प्रशिक्षण विभागीय अमले को दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान 30-30 के समूह में प्रशिक्षणार्थीयों को विभाजित कर समूह चर्चा एवं गतिविधियां कराई गईं।

इस अवसर पर जिले के उपसंचालक डॉ. हेमन्त शाह अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. ए.के. पटेरिया वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. नीरज कुमुद उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ. कड़वा चौहान, डॉ. दिनेश पिपले, डॉ. सुषमा शैलू, डॉ. निलेश आर्य एवं अन्य ने अपनी सेवाएं दीं।

## सांसद खेल महोत्सव में बैडमिंटन और चेस प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज

**खंडवा। पूरे संसदीय क्षेत्र में इन दीनों शहर गांव एवं नगर मैं स्कूलों और मैदानो में सांसद खेल महोत्सव के 10 प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी के द्वारा खेल गतिविधियों को और आगे बढ़ाने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन पूरे देश की लोकसभा क्षेत्रो में किया जा रहा है।**

समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खेल महोत्सव को लेकर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं उनकी टीम द्वारा पूरे संसदीय क्षेत्र में खेलों में रुचि रखने वाले लगभग 2 लाख खिलाड़ियों का पंजीयन किया गया है। सांसद श्री पाटिल एवं खेल महोत्सव के लोकसभा प्रभारी जितेंद्र सुराणा के साथ ही विधानसभा प्रभारी के मार्गदर्शन में प्रत्येक विधानसभा मे खेल महोत्सव का आयोजन चल रहा है।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा प्रभारी दिनेश पालीवाल के मार्गदर्शन में गांवो एवं खंडवा शहर में स्कूलों और खेल मैदानो में शानदार खेल महोत्सव का आयोजन चल रहा है, बड़ा उत्साह के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ युवा अलग-अलग खेलों में अपना प्रदर्शन कर रहे हैं। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत बैडमिंटन और चेस प्रतियोगिता अरविंद कुमार नितिन कुमार स्कूल में आयोजित हुई। इस अवसर पर खेल महोत्सव के विधानसभा प्रभारी दिनेश पालीवाल, संकुल प्राचार्य संजय निंबोरकर, डा.आशीष पगारे, प्रवक्ता सुनील जैन ममता बोरसे, भारती पाराशर, रक्षा प्रजापति, स्वप्निल जैन, आशा सेंगर और संस्था के प्रबंधक सतीश पटेल और प्राचार्य साहनी मैडम शिक्षक गण उपस्थित रहे। सांसद खेल महोत्सव में संकुल स्तरीय बैडमिंटन और चेस की प्रतियोगिता में हाई स्कूल के बैडमिंटन में सेंट जोसेफ के उरवंश सेठी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरे स्थान पर गणेशगंज के अफ़ज़ खान रहे, बालिका वर्ग में प्रथम स्थान रीत भारती ने प्राप्त किया और द्वितीय स्थान दीपांशी विश्वकर्मा ने प्राप्त किया, सीनियर बालक वर्ग में मनित जुनेजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और बालिका वर्ग में रितु वासले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और इशिता पटेल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## सेहत की पाठशाला में 25 महिलाओं की जांच




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** न्यूट्रीशन क्लब खंडवा की ओर से समीप ग्राम सिहाडा में सेहत की पाठशाला के दौरान नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 25 महिलाओं की नि:शुल्क जांच बीएमआई मशीन पर फुल बॉडी चेकअप कर सेहत के टिप्स दिए गए।

यह जानकारी देते हुए क्लब के निर्मल मंगवानी ने बताया कि आज अनेक व्यक्तियों में मोटापे के कारण तरह तरह की बीमारियां जैसे घुटनों का दर्द, गैस एसिडिटी, स्किन, बीपी, शुगर, सायटिका, शारीरिक कमजोरी आदि की समस्या बहुतायत में देखी जा रही है। आने वाले दिनों में इन्ही समस्याओं को लेकर शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर क्लब कोच मीनाक्षी मीणा द्वारा उपस्थित सभी माता बहनों की बीएमआई मशीन पर जांच कर सेहत की जानकारी दी गई। उन्हें प्रतिदिन नियमित योग करने, अपने रहन-सहन एवं खानपान में बदलाव कर हरी सब्जियों, फलों का जूस एवं फ्रूट न्यूट्रीशन लेने की सलाह दी गई। इस अवसर पर अनेक महिलाओं ने अपना फुल बॉडी चेकअप करवा कर लाभ लिया।

## सहायक आयुक्त ने प्राचार्यों और छात्रावास अधीक्षकों की बैठक ली

नवभारत न्यूज

**खंडवा। जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला ने शुक्रवार को विभाग के छात्रावासों के अधीक्षकों और प्राचार्यों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की।**

बैठक में उन्होंने सभी शिक्षा परिसरों और छात्रावासों के भवनों में मिशन अमृत संचय अभियान के तहत रूफ़ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान कहा कि छात्रावास में निवासरत विद्यार्थियों के परिजनों तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को उनके निवास स्थल की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए प्रेरित करें।

सहायक आयुक्त श्री शुक्ला ने बैठक में सभी प्राचार्य और अधीक्षकों से कहा कि विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम वार्षिक एवं अर्धवार्षिक परीक्षा में शत प्रतिशत रहे यह प्रयास करें। उन्होंने सभी अधीक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति का समय पर भुगतान करें। श्री शुक्ला ने निर्देश दिए कि छात्रावास आश्रमों में कंबल, स्वेटर व गर्म कपड़े सभी विद्यार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। सहायक आयुक्त श्री शुक्ला ने छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शीत ॠतु में गर्म पानी के लिए हीटर एवं गीजर की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

**मार्गदर्शन** — अधिनियम के प्रावधानों के तहत ही किया जाए आवेदनों का निराकरण

# राज्य सूचना आयुक्त डॉ. पचोरी ने अधिकारियों से किया संवाद




नवभारत न्यूज

**खण्डवा। मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग के राज्य सूचना आयुक्त डॉ. उमाशंकर पचोरी ने शुक्रवार को खण्डवा कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में उपस्थित लोक सूचना अधिकारियों तथा प्रथम अपीलीय अधिकारियों से संवाद किया और उन्हें सूचना के अधिकार के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।**

इस दौरान उन्होंने कहा कि सूचना के अधिकार के प्राप्त आवेदन निर्धारित समय सीमा में निराकृत किए जाएं। उन्होंने कहा कि आवेदनों का निराकरण अधिनियम के प्रावधानों के तहत ही किया जाए। सूचना के अधिकार के आवेदन में विभाग से सम्बंधित जो जानकारी चाही गई है, यदि वह अधिनियम के प्रावधानों के तहत दी जा सकती है, तो अवश्य दें।

राज्य सूचना आयुक्त डॉ. पचोरी ने इस अवसर पर कहा कि लोक सूचना अधिकारियों का दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ''सूचना का अधिकार'' सुशासन का बहुत अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रशासन में पारदर्शिता के लिए सूचना का अधिकार लागू होना अति आवश्यक है, इसीलिए सरकार ने वर्ष 2005 में सूचना का अधिकार अधिनियम लागू करते हुए सभी विभागों के कार्यालयों में सूचना का अधिकार लागू किया है।

इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ डॉ नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर के आर बडोले, डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

### कार्यालयों में सूचना पट लगाने के निर्देश

राज्य सूचना आयुक्त डॉ. पचोरी ने इस अवसर पर कहा कि लोक सूचना अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम की पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ना चाहिए, और अधिनियम के प्रावधानों का सही-सही पालन करते हुए आवेदन को समय सीमा में जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में सूचना का अधिकार अधिनियम संबंधी सूचना पट लगाने के निर्देश भी दिए।